## बैठक सूचना

07/06/2021

~~कार्यकारिणी की बैठक~~

एल्युमनी एसोसिएशन बी. सी. एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के समस्त सदस्यों एवं पदाधिकारियों की बैठक दिनांक 22 जून 2021 को संस्था के पंजीकृत कार्यालय में दोपहर 3 बजे आयोजित है। आपकी उपस्थिति निवेदित है।

बैठक का एजेण्डा :

1. महाविद्यालय नैक मूल्यांकन पर चर्चा
2. नए सदस्य बनाए जाने पर चर्चा
3. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय

सचिव

Principal
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

बैठक कार्यवाही विवरण

22/06/2021

आज दिनांक 22/06/2021 को महाविद्यालय नियमित एल्युमनी एसोसिएशन के सदस्यों एवं पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्न निर्णय लिए गए-

महाविद्यालय नैक मूल्यांकन पर चर्चा-

महाविद्यालय प्राचार्य से प्राप्त सूचना के अनुसार NAAC मूल्यांकन हेतु SSR Submit करने का कार्य पूर्णता की ओर है। SSR प्रभारी द्वारा, एल्युमनी एसोसिएशन की मिटिंग, बैंक खाता, एवं ऑडिट रिपोर्ट की जानकारी मांगी गई थी जो उन्हें उपलब्ध करा दी गई है।

2. नए सदस्य बनाए जाने पर चर्चा-

एसोसिएशन की सदस्य संख्या बढ़ाए जाने पर चर्चा की गई एवं निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय स्टाफ के सहयोग से नए सदस्य बनाए जाएंगे।

3. अन्य विषय

उपस्थित सदस्यों को सूचित किया गया कि श्री सुधीर ठाकुर C.A से 18-19, 19-20 एवं 20-21 की संबंधित रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है।

Principal
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

## बैठक सूचना

17.11.2021

एल्यूमनी एसोसिएशन बी.सी.एस. शासकीय पी.जी. महा. धमतरी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक संस्था के पंजीकृत कार्यालय में दिनांक 30.11.2021 को दोपहर 3 बजे आहूत है, आप सबकी उपस्थिति निवेदित है :

बैठक का एजेण्डा :—

1. भूतपूर्व विद्यार्थियों से सम्पर्क हेतु सोशल मिडिया के प्रयोग पर चर्चा
2. SFRA स्वीकृति की सूचना एवं चर्चा

Principal
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

# बैठक कार्यवाही विवरण

30.11.2021

आज दिनांक 30.11.2021 को एसोसिएशन की बैठक संस्था के पंजीकृत कार्यालय मे दोपहर 3 बजे सम्पन्न हुई। बैठक में निम्न निर्णय लिए गए :

1. सोशल मिडिया का प्रयोग

महाविद्यालय के I.T. विभाग से निवेदन किया गया कि Google form में द्वारा Link Generate कर तैयार करे ताकि भूतपूर्व विद्यार्थी सीधे अपना पंजीयन करा लेवे। I.T. विभाग के सहा. प्राध्या. श्री हरप्रीत आनंद ने अपनी सहमति प्रदान की।

2. FCRA स्वीकृति की सूचना

महाविद्यालय के IQAC प्रभारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाविद्यालय द्वारा NAAC को प्रेषित IIQA दिनांक 16.11.2021 को स्वीकृत हो गया है तदनुसार 45 दिनो के अंदर महाविद्यालय का SSR NAAC Portal मे Submit होना जरूरी है, उक्त सूचना एसोसिएशन के सदस्यो ने ग्रहण की एवं भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का सहयोग लेकर SSR निर्माण में एसोसिएशन की ओर से पूर्ण सहयोग का निर्णय लिया गया।

Principal
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

[signature] [signature]

बैठक सूचना

01.02.2022

एल्यूमनी एसोसिएशन बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों की बैठक, संस्था के पंजीकृत कार्यालय में दिनांक 10.02.2022 को दोपहर 4 बजे आयोजित है। आपकी उपस्थिति निवेदित है

बैठक का एजेंडा :

1. NAAC मूल्यांकन कार्य प्रगति की जानकारी
2. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय

सचिव

Principal
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

[signature]

Date
Page

# बैठक कार्यवाही विवरण

10/02/2022

आज दिनांक 10 Feb. 22 को संस्था के पंजीकृत कार्यालय में अपराह्न 04 बजे एल्युमनी एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिए गए :-

1. NAAC मूल्यांकन की प्रगति की जानकारी

महाविद्यालय IQAC प्रभारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाविद्यालय द्वारा प्रेषित SSR पर NAAC द्वारा परीक्षण कार्य आरंभ कर दिया गया है। छात्र सन्तुष्टि सर्वेक्षण 27-01-2022 तक सम्पन्न किया गया। DVV का कार्य 29-01-2022 तक सम्पन्न हो चुका है। SSR स्वीकृति (Approval) आने के बाद महाविद्यालय द्वारा फीस जमा कराई जाएगी। उक्त सूचना समस्त उपस्थित सदस्यों को दी गई एवं NAAC कार्यों में एसोसिएशन द्वारा सहयोग देने का निर्णय लिया गया।

2. अध्यक्ष महोदय के ~~निर्देश~~ प्रस्ताव पर नए सदस्य बनाने के लिए भूतपूर्व छात्र-छात्राओं से सम्पर्क करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

Principal
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

[signatures]

## बैठक सूचना

11.03

एल्युमनी एसोसिएशन बी.सी.एस. शासकीय स्ना. महाविद्यालय धमतरी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से के. दिनांक 22.03.22 को अपरान्ह 04 बजे संस्था के पंजीय कार्यालय में आहूत है, आपकी उपस्थिति निवेदित है।

बैठक का एजेंडा।

1. SSR स्वीकृति की सूचना
2. NAAC की Peer Team Visit हेतु प्रस्तावित तिथि
3. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय

Principal
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

## बैठक कार्यवाही विवरण

22.03.2022

आज दिनांक 22.03.2022 को अपरान्ह 04 बजे महाविद्यालय परिसर में एल्यूमनी एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में लिए गए निर्णय निम्नानुसार हैं :

1. SSR की स्वीकृति की सूचना सदस्यों को
IQAC प्रभारी बी.सी.एस. शासकीय महा० धमतरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाविद्यालय द्वारा NAAC को प्रेषित SSR दिनांक 24.02-2022 को स्वीकृत हो गया है सूचना समस्त सदस्यों द्वारा ग्रहण की गई।

2. NAAC PEER TEAM VISIT की संभावित तिथि
IQAC प्रभारी से प्राप्त सूचना के अनुसार दिनांक 09-03-2022 को महाविद्यालय प्रशासन द्वारा NAAC की फीस Online जमा करा दी गई है तथा 03 तिथियों को Peer Team Visit का प्रस्ताव भेजा गया है क्रमशः 28 एवं 29 अप्रैल 2022, 18 एवं 19 मई 2022 तथा 06 एवं 07 जून 2022 इनमें से किसी एक टाईम स्लॉट को NAAC द्वारा स्वीकृति दिए जाने पर NAAC Peer Team आने के पूर्व समस्त सदस्यों की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

3. Googal Portal में Link जारी होने की सूचना
अध्यक्ष ने समस्त सदस्यों एवं पदाधिकारियों को सूचित किया कि संस्थान द्वारा भूतपूर्व छात्र छात्राओं को पंजीयन के लिए प्रेरित करने हेतु Googal में Link Generate कर दिया गया है। 12 मार्च 2022 से पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

Principal
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

# बैठक सूचना

10/05/2022

एल्युमनी एसोसिएशन बी.सी.एस. शासकीय पी.जी. महाविद्यालय धमतरी के समस्त सदस्यों एवं पदाधिकारियों की बैठक 25/05/2022 को दोपहर 03 बजे आयोजित है, आप सभी की उपस्थिति निवेदित है :-

बैठक का एजेण्डा :-

1. नए सदस्यों का पंजीयन एवं शुल्क प्राप्त करना
2. NAAC Peer Team Visit का Programme एवं तैयारी
3. सभी सदस्यों को NAAC Peer Team के साथ मुलाकात से संबंधित तथ्यों की जानकारी
4. अन्य विषय जो मिटिंग में रखे जाए।

सचिव

Principal
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

बैठक कार्यवाही विवरण

25/05/2022.

आज दिनांक 25/05/2022 को एल्यूमनी एसोसिएशन की बैठक संस्था के पंजीकृत कार्यालय में दोपहर 03 बजे सम्पन्न हुई। बैठक में निम्न निर्णय लिए गए :-

1. महाविद्यालयीन सेवा में संलग्न कर्मचारी अधिकारियों की सदस्यता

एल्यूमनी एसोसिएशन की सदस्यता बढ़ाने एवं NAAC की तैयारी के लिए धमतरी जिले के महाविद्यालयीन सेवा में संलग्न नियमित कर्मचारी एवं अधिकारियों को मिटिंग में आमंत्रित किया गया था, उपस्थित सदस्यों को एल्यूमनी एसोसिएशन के by-laws एवं उद्देश्य से अवगत कराते हुए उन्हें सदस्यता ग्रहण करने की अपील की गई, सभी उपस्थित नए सदस्यों ने मासिक, द्विमासिक, छैमाही या वार्षिक सदस्यताशुल्क जमा कर सदस्यता ग्रहण की सदस्यों की उपस्थिति के हस्ताक्षर लिए गए।

2. NAAC PEER TEAM VISIT कार्यक्रम एवं रूपरेखा की जानकारी

उपस्थित सभी सदस्यों को सूचित किया गया कि NAAC PEER TEAM महाविद्यालय निरीक्षण हेतु आगामी 06 एवं 07 जून को महाविद्यालय आ रही है। विस्तृत कार्यक्रम प्राप्त होने पर सदस्यों को सूचित कर दिया जाएगा।

3. NAAC PEER TEAM से चर्चा के बिन्दु

उपस्थित सदस्यों को विस्तार से IQAC प्रभारी, NAAC प्रभारी तथा संघ के अध्यक्ष ने PEER TEAM से चर्चा के बिन्दुओं की जानकारी दी तथा प्रश्नोत्तरी के लिए प्रशिक्षित किया गया। महाविद्यालय परिसर में उपलब्ध भौतिक एवं अभौतिक संसाधनों प्रवेशित छात्र छात्राओं की संख्या, परीक्षा परिणाम एवं भविष्य की छात्र हित की योजनाओं से अवगत कराया गया। एल्यूमनी एसोसिएशन की भूमिका से भी अवगत कराया गया।

4. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय

उपस्थित सदस्यों ने एसोसिएशन के नियमों उपनियमों में परिवर्तन कर ज्यादा से ज्यादा सक्रिय सदस्यों को जोड़ने का सुझाव दिया जिस पर सर्वसम्मति से सहमति दी गई।

Principal
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

1. डॉ. अनिता राजपुरिया
2. श्रीमती रीता लकरा
3. डॉ. अमर सिंह साहू
4. श्री पंकज जैन
5. श्री अमर सिंह साहू
6. श्री निरंजन कुमार
7. श्री अमित साहू
8. श्री मीरवम चंद
9. कु. आकांक्षा मरकाम
10. श्रीमती पल्लवी सेन
11. श्री गोविन्द प्रसाद
12. श्रीमती दीपा साहू (रजक)
13. श्री सी. एल. सोलंके
14. श्री संजय राठौर
15. श्री संतुराम सलाम
16. श्री वेदप्रकाश साहू
17. श्रीमती शुषम सिन्हा
18. सुश्री प्रियंका जाधव
19. श्री प्रतीक देवांगन

Principal
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)